तापमान
अधिकतम 47.1 डिग्री
न्यूनतम 29.0 डिग्री

हरिभूमि
# रोहतक भूमि

रोहतक, शनिवार, 18 मई 2024



11 कई कॉलोनियों में पेयजल नहीं आने से लोगों में रोष ...





14 रोहतक लोकसभा के दिव्यांग और 85 वर्ष से ..








SHRI BABA MASTNATH SR. SEC. PUBLIC SCHOOL
Civil Road, Rohtak (CBSE Affi. No. 530090)
" The Extra Energy required to make another effort is the secret of winning"
Congratulations to Stars, Parents & Teachers for Marvellous Result in CBSE Class X & XII Examination 2024
Brahmleen Mahant Shri Chand Nath Ji Yogi Founder
Mahant Shri Balak Nath Ji Yogi Hon'ble President Shri Baba Mastnath Group of Institutions Asthal Bohar, Rohtak
Shining Stars Class XII
Aastha Bansal 95.8% Commerce Stream
Ruchika 95.2%
Gangesh 94.8%
Khushi Bansal 94.6%
Yug 94.2%
Arpit 94.2%
Shristi Bhalla 93.4%
Tanish Khanna 93.4%
Ridhima 93.2%
Geetika 93.2%
Kartik Goel 92.6%
Sandhya 94.4% Science Stream
Aniket Bansal 92.2%
Saksham Dua 92%
Manan Bansal 92%
Deepanshi 91.8%
Sanyam Mittal 91.8%
Leepakshi 91.8%
Keshav 91.4%
Madhav 91.4%
Pavani Bansal 91.2%
Pratham 91.2%
Granth Bajaj 91%
Ritish Ahuja 90.8%
Rohit 90.8%
Anushka Dhingra 90.6%
Dakshesh Virmani 90.4%
Devansh 90%
Harsh Bansal 89.8%
Mansi Batham 89.8%
Prince Verma 89.2%
Hitesh 89%
Sumrita 89%
Mandeep 89%
Aastha Mittal 88.8%
Hitesh 88.8%
Tejasvi 88.6%
Bhumi 88.6%
Vanshika 88.6%
Hardik 88.4%
Aayushi 88.2%
Lovish 87.8%
Harshita 87.4%
Harsh 87.2%
Tanya 87.2%
Harshit Dhalwal 86.8%
Chhavi 86.6%
Sameer 86.6%
Suraj 86.4%
Saksham Goyal 86.4%
Sarthak 86%
Piyush Kumar 86%
Ansh 85.8%
Jai Saini 85.8%
Akshat 85.8%
Keshav 85.6%
Madhav Wadhwa 85.4%
Gunjan Saini 85.4%
Harsh Kumar 85
Subject wise Highest Marks:
Accounts :100, Economics : 99, Phy. Ed. : 99, Maths : 99, Bio : 98, B.St. : 96, Chem. : 96, English : 96, Computer Science : 95, Physics. : 95
Divya Malhotra 97.2%
Shining Stars Class X
Jayant 96.6%
Tanisha 96.4%
Mayank 96.4%
Raima 95.4%
Keshav 95%
Garvit Batra 94.2%
Suhani Jain 94.2%
Tushar 94.2%
Chirag 93.8%
Khushi Budhiraja 93.8%
Hunar Bhayana 93.4%
Garvit Dua 93.2%
Vimal 93%
Nikita Goswami 93%
Yash Arora 93%
Vansh Wadhwa 92.6%
Harshit 92.6%
Mokshika 92.2%
Dhruv Barak 91.6%
Akshara 91.2%
Ansh Kinra 91.2%
Saksham 90.4%
Mudit Punia 90.2%
Prisha Malik 90.2%
Keshav Arora 90%
Jatin 89.8%
Mannat 89.6%
Vipin 89.4%
Rishabh Bansal 89.2%
Hardik Gulati 89%
Tisha 88.4%
Ananya 88.4%
Pranav Aggarwal 88.2%
Priyanshi 88.2%
Dhairya Gupta 88.2%
Aayush Manchanda 88%
Anshuman 87.8%
Jatin 87.6%
Manya 87.4%
Maskeen 87.4%
Chhavi 87.2%
Yashika 87.2%
Vanshika Goyal 87.2%
Yuvan 87%
Ansh Pruthi 87%
Himanshika 86.6%
Tammana 86.6%
Jatin 86.2%
Shivam Panwar 85.6%
Ishika 85.2%
Garvit Jain 85%
Hitesh Singhal 85%
Palak 85%
Raghav Bansal 85%
Adhikar 85%
ADMISSION OPEN
for Class 11th Science & Commerce Stream
SPECIAL CONCESSION STUDENTS SCORED ABOVE 95%
(Free Book Set, No Annual Charges & 50% Tuition Fee)
Students Scored 90% to Less than 95%
(No Annual Charges + 35% Tuition Fee )
Students Scored 85% to Less than 90%
(No Annual Charges)
Subject wise Highest Marks:
Maths : 100, S.St. : 100, Eng. : 99
IT : 98, Hindi : 97, Science : 96
Mahant Balak Nath Ji Yogi President
Ph.: 01262-256267, 250911, 9728256267
sbmnrohtak@gmail.com
www.smpsrohtak.com

## खबर संक्षेप

### महर्षि दयानंद विवि में एक दिवसीय संगोष्ठी आज

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विवि का फार्मास्यूटिकल साइंसेज विभाग 18 मई को नेशनल टेक्नोलॉजी डे के उपलक्ष्य में- इनोवेटिव टैक्नोलोजीस इन डिजिटल एज पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन करेगा। फार्मास्यूटिकल साइंसेज विभाग के अध्यक्ष एवं इस संगोष्ठी के कंवीनर प्रो. हरीश दूरेजा ने बताया कि कुलपति प्रो. राजबीर सिंह बतौर मुख्यातिथि शामिल होंगे।

### बाइक चोरी की वारदात में आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी की वारदात में आरोपी को गिरफ्तार किया। महम थाना प्रभारी सत्यपाल सिंह ने बताया कि महम निवासी शक्ति की शिकायत के आधार पर केस दर्ज किया गया। जांच में सामने आया कि 4 सितंबर 2023 को शक्ति ने अपनी मोटरसाइकिल को पुराना बस स्टैंड महम के पास खडी की थी। अज्ञात युवक शक्ति की मोटरसाइकिल चोरी कर मौके से फरार हो गया।

### लेबर चौक के पास रक्तदान शिविर कल

**रोहतक।** वैद्य कैसर दास सेवा समिति की तरफ से लेबर चौक के पास वैद्य केसर दास वाली गली में निशुल्क आयुर्वेदिक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन 19 मई को किया जाएगा। वहीं, बजरंग भवन मंदिर में 19 मई को ही स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाया जाएगा, जिसमें रक्तदान कर लोग पुण्य के भागी बनेंगे।

# कई कॉलोनियों में पेयजल नहीं आने से लोगों में रोष

## 16 मई को ही आया है नहर में पानी, लोगों को खरीदने पड़ रहे कैंपर

वार्ड 20 में स्थित प्रीत विहार कॉलोनी में पिछले कई माह से पीने का पानी नहीं आ रहा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नहर में पानी आने के बाद भी शहर की कई कॉलोनियों में पेयजल सप्लाई बहाल नहीं हो पाई है। वार्ड 20 में स्थित प्रीत विहार कॉलोनी में पिछले कई माह से पीने का पानी नहीं आ रहा। कभी बीच बीच में पेयजल सप्लाई आती है तो उसमें दूषित पेयजल भेजा जाता है। लोगों को महंगे दामों पर पानी के कैंपर खरीदने पड़ रहे हैं। ऐसे में लोगों में रोष व्याप्त है।

इसके अलावा ग्रीन पार्क, राजीव नगर और बोहर के हालात भी अच्छे नहीं हैं। जसबीर कुमार, गिरधारी लाल, नरेंद्र सहगल, राजेश नासा, राकेश कालड़ा, रामभज, धर्मपाल, प्रवीन कुमारी, मीना, कांती देवी, दयावंती, रामदेवी, कविता, मूर्ति, सीमा, आशा व राजबाला ने बताया कि प्रीत विहार में पानी नहीं आ रहा। उन्हें हर माह दो हजार रुपये का पानी खरीदना पड़ जाता है। इसके अलावा जरूरी कार्यों के लिए पैसे देकर टैंकर भी मंगवाना



रोहतक। पानी नहीं आने पर रोष जताते हुए प्रीत विहार कॉलोनी के निवासी। फोटो : हरिभूमि

■ ग्रीन पार्क, राजीव नगर और बोहर के हालात भी अच्छे नहीं

पड़ता है। उनका कहना है पानी के साथ-साथ अब बिजली के भी 2 से 3 घंटे तक कट लगने लगे हैं। काफी लोग अपने घर से 2 किलोमीटर दूर कन्हेली मोड़ पर लगे हुए हैंडपंप से पानी लेकर आते हैं। वहां पर भी घंटों लाइन में खड़े होकर पानी भरना पड़ता। उन्होंने मांग की कि पानी व बिजली की समस्या का समाधान जल्द से जल्द होना चाहिए।

जसबीर कुमार ने बताया कि ग्रीन पार्क कॉलोनी में भी कई दिनों से पेयजल नहीं आ रहा। बूस्टर से मकानों में गई पाइप लाइन के कनेक्शन नहीं किए गए। इस वजह से लोगों को पानी के टैंकर मंगवाए पड़ रहे हैं। इसके अलावा एकता कॉलोनी में भी कई मकानों में कनेक्शन नहीं किए गए हैं। राजीव नगर में भी पानी नहीं मिलने से लोग परेशान हैं।

### पानी नहीं आया तो प्रदर्शन

वहीं वार्ड नंबर 9 में स्थित गांव बोहर में दोनों समय पानी नहीं आ रहा। लोगों को पैसे देकर पानी के टैंकर मंगवाने पड़ रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी है कि सोमवार तक पानी नहीं आया तो वह उपायुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन करेंगे।

# अवैध हथियार सहित युवक किया गिरफ्तार

■ आरोपी को कोर्ट में पेश करके तीन दिन के रिमांड पर लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



पुलिस की सीआईए-1 स्टाफ की टीम ने युवक को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है। आरोपी को कोर्ट में पेश करके 3 दिन के रिमांड पर हासिल किया गया है।

सीआईए-1 प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि गांव सुनारियां की तरफ से पैदल आ रहे युवक को शक के आधार पर युवक को काबू किया गया। युवक की पहचान सुमित निवासी गांव नंदगढ़ जिला जीन्द हाल नेहरू कॉलोनी के रूप में हुई है। युवक के पास से एक देसी पिस्तौल व एक रौंद बरामद हुआ है। युवक के खिलाफ थाना शिवाजी कॉलोनी में केस दर्ज करके गिरफ्तार किया गया है।

# बार एसो. के महासचिव दीपक हुड्डा भाजपा में हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिला बार एसोसिएशन के महासचिव और कांग्रेस नेता दीपक हुड्डा ने भारतीय जनता पार्टी परिवार में शामिल होने की घोषणा की।



रोहतक। पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर के साथ मौजूद बार एसोसिएशन के महासचिव दीपक हुड्डा व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### जताई आस्था

दीपक हुड्डा पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा के करीबी रहे हैं। गुलिया खाप के पूर्व प्रधान प्रवीण गुलिया ने भी भाजपा में आस्था जताई। इनके अलावा अनिल शर्मा, सतीश लाबा, राज सिंह कानूनगो ने भी नरेंद्र मोदी की नीतियों में विश्वास जताते हुए भारतीय जनता पार्टी ज्वाइन करने का निर्णय लिया।

# मतदान करने की शपथ ली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

दिल्ली रोड स्थित निजी होटल में रोटरी क्लब रोहतक सिटी के सदस्यों ने 25 मई को होने वाले चुनाव में शत प्रतिशत मतदान की शपथ ली। क्लब के प्रेसिडेंट डॉ. अजीत पाल सिंह ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए हमें चुनाव को उत्सव की तरह लेना चाहिए, इस दिन सबसे पहले मतदान करें, यह हमारा लक्ष्य होना चाहिए। सुशील गुप्ता ने कहा मतदान करने के लिए और भी जागरूक करें।

■ मतदान करने के लिए औरों को भी जागरूक करें : सुशील गुप्ता

# तीन दिवसीय सुरती योग का आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

ओशोधारा मैत्री संघ रोहतक की ओर से ओशोधारा के दूसरे तल के प्रोग्राम सुरती योग का आगाज पहरावर रोड स्थित मेडिटेशन सेंटर ताज गार्डन में हुआ। ध्यान योग किए हुए 42 साधकों ने समर्थगुरु सिद्धार्थ औलिया द्वारा दी गई विधि के माध्यम से समाधिष्ट होना जाना।

आचार्य दलशेर, आचार्य अमोल अदलखा व आचार्या एकांता ने बहुत ही सुंदर सैशन लिए व सदा सुमिरन में रहने की विधि बताई। गौरतलब है कि ध्यान योग के मेगा इवेंट के बाद एक साथ देश के 21 से ज्यादा स्थानों पर सुरती शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें 19 तारीख को एक स्पेशल सेशन स्वयं समर्थगुरु सिद्धार्थ औलिया ऑनलाइन लेंगे। आज प्रतिभागियों में मुख्य रूप से प्रिंसिपल वेद प्रकाश श्योराण, मैनेजर अजय देशवाल, नरेन्द्र खत्री, भारत भूषण भारद्वाज, हरिओम, विजय, सोमबीर, डॉक्टर तनुजा, सीमा फोगाट, शर्मिला, मोनिका, आशा, संगीता इत्यादि रहे।

# विद्यार्थियों ने किया प्रेरक फैशन उत्पादों का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

फैशन और लाइफस्टाइल डिजाइन विभाग अपने दूसरे वर्ष और चौथे वर्ष के छात्रों के लिए जूरी परीक्षा आयोजित कर रहा है। जूरी परीक्षा छात्रों के लिए अपने अंतिम संग्रह और उत्पादों को सम्मानित उद्योग पेशेवरों और संकाय सदस्यों के एक पैनल के सामने प्रस्तुत करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करती है। छात्रों के काम ने समकालीन फैशन रुझानों और पारंपरिक डिजाइन तत्वों का एक उल्लेखनीय मिश्रण प्रदर्शित किया, जो भारत की विविध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाता है।

प्रत्येक छात्र के संग्रह का मूल्यांकन मौलिकता, शिल्प कौशल, नवीनता और विपणन क्षमता के आधार पर किया गया, साथ ही उनके भविष्य के प्रयासों को निखारने में मदद करने के लिए फीडबैक भी प्रदान किया गया।



रोहतक। अपने डिजाइन दिखाते हुए विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

इस वर्ष की जूरी में फैशन उद्योग के विशेषज्ञ और शिक्षाविद शामिल रहे, जिन्होंने मूल्यांकन प्रक्रिया में ज्ञान और अनुभव साझा किया। फैशन और लाइफस्टाइल डिजाइन के प्रमुख सतीश रंगा के मार्गदर्शन में छात्रों ने सतह अलंकरण, हाथ से बुनाई, डिजाइन प्रक्रिया और गैर-बुना तकनीक आदि विषयों का उपयोग किया और हैंडबैग, पर्दे, बेडशीट, तकिए, आभूषण, सैंडल/चप्पल, परिधान, ड्रेसिंग टेबल आदि जैसे उत्पादों का प्रदर्शन किया।

### जूरी परीक्षा पाठ्यक्रम का एक महत्वपूर्ण घटक

दूसरे वर्ष की जूरी के लिए बाहरी विशेषज्ञ प्रोफेसर अनिल यादव, प्रमुख, एफडीडीआई रहे और चौथे वर्ष के लिए सुनील मेहरा ने जूरी का नेतृत्व किया। इसके साथ ही डिजाइन संकाय की परीक्षाएं समाप्त हो गई। जूरी के बारे में जानकारी साझा करते हुए सतीश रंगा ने कहा कि जूरी परीक्षा पाठ्यक्रम का एक महत्वपूर्ण घटक है, जो छात्रों को उद्योग विशेषज्ञों के सामने अपना काम प्रस्तुत करने में वास्तविक दुनिया का अनुभव प्रदान करता है। इस वर्ष का संग्रह ऐसे उत्पाद प्रस्तुत कर रहा है जो अभिनव और व्यावसायिक रूप से व्यवहार्य दोनों हैं। डिज़ाइन संकाय समन्वयक डॉ. शैली खन्ना ने डिज़ाइन संकाय और छात्रों के प्रयासों की सराहना की।

### कार्यशाला संपन्न, उपयोगी शोध के लिए छात्रों को 7 दिन तक प्रोत्साहित किया




**रोहतक।** उत्कृष्ट शोध कार्य के लिए शोधार्थी को शोध का विषय और उसके उद्देश्य स्पष्ट होने चाहिए। इसके साथ ही शोध की मौलिकता और मूल्यों का ध्यान रखना भी जरूरी है। शोध एक दायित्वपूर्ण कार्य है, जिसे शोधार्थी पूरी ईमानदारी, निष्ठा और लगन से करें। यह विचार महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के स्वराज सदन में चौ. रणबीर सिंह इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल एंड इकोनॉमिक चेंज के तत्वावधान में फैकल्टी ऑफ फिजिकल साइंसेज तथा फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी द्वारा संचालित- रिसर्च मैथडोलॉजी विषयक कार्यशाला में उभर कर सामने आए। सात दिवसीय यह शोध कार्यशाला शुक्रवार को संपन्न हो गई। समापन सत्र में डीन, फैकल्टी ऑफ फिजिकल साइंसेज प्रो. एससी मलिक ने शोधार्थियों को गुणवत्तापरक एवं समाजोपयोगी शोध करने के लिए प्रतिभागी शोधार्थियों को प्रेरित किया। चौ. रणबीर सिंह इंस्टीट्यूट की निदेशिका प्रो. सोनिया मलिक ने शोध कार्य के लिए शोध प्रविधि के ज्ञान को महत्वपूर्ण बताते हुए प्रतिभागी शोधार्थियों को सामाजिक महत्व वाले उपयोगी शोध कार्य करने के लिए मोटिवेट किया।



रोहतक। वाटर कूलर की स्थापना करते हुए शाखा अध्यक्ष नीरज बंसल शमशेर प्रकाश गोयल। फोटो : हरिभूमि

### राजकीय माडल संस्कृति स्कूल लाखन माजरा में बच्चों को बांटी स्टेशनरी

**रोहतक।** भारत विकास परिषद भगत सिंह शाखा द्वारा सेवा प्रकल्प के अंतर्गत राजकीय माडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल लाखन माजरा में वाटर कूलर की स्थापना की गई। वाटर कूलर की स्थापना र्मल शर्मा ने अपने पति भारतभूषण शर्मा की पुण्यस्मृति में करवाई। परिषद ने जरूरतमंद बच्चों को नोटबुक व पैन भी वितरित की। शमशेर प्रकाश गोयल ने परिषद द्वारा चलाए जा रहे सेवा प्रकल्पों के विषय में विस्तार से बताया। सुनील जैन ने बच्चों को मतदान के प्रति जागरूक किया। शाखा अध्यक्ष नीरज बंसल ने कविता सुनाकर बच्चों को प्रेरित किया। नरेश जैन ने बताया कि भगत सिंह शाखा समाज सेवा में अग्रसर रहती है। इस अवसर पर राहुल शर्मा, श्वेता शर्मा, विजय रोहिल्ला, यक्ष गोयल, रविंद्र अहलावत, कुलभूषण गुप्ता, दिनेश मित्तल, दीपक तायल, पंकज गोयल, विकास कंसल, भारतभूषण जिंदल, बीनू कंसल, बृजबाला गुप्ता, वंदना जैन, साक्षी बंसल, ओम प्रकाश मित्तल, दिनेश तायल, प्रवीन गर्ग, प्रदीप बंसल, आशीष मित्तल, योगेश आदि मौजूद रहे।

### डॉ. भीम राव आंबेडकर का सबसे ज्यादा अपमान कांग्रेस ने किया : पंवार



**रोहतक।** भाजपा नेता और राज्यसभा सांसद कृष्ण लाल पंवार ने रोहतक में कांग्रेस को घेरे में लिया। पंवार ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेड़कर का सबसे ज्यादा अपमान कांग्रेस ने किया है। कांग्रेस ने बाबा साहेब के बनाए गए संविधान में अब तक 100 से भी अधिक बार संशोधन किया। अब कांग्रेस भ्रामक प्रचार कर रही है कि भाजपा आरक्षण समाप्त कर देगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बारे में कांग्रेस झूठा प्रचार करके आरक्षण और बाबा साहेब के नाम पर वोट हड़पना चाहती है। भाजपा मंगल कमल कार्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि जवाहर लाल नेहरू ने चिट्ठी भी लिखी थी, जिसमें नेहरू ने लिखा था कि देश तरक्की की राह पर है और आरक्षण खत्म कर देना चाहिए। इसे प्रधानमंत्री ने सदन में पढ़ा था। उन्होंने कहा कांग्रेसी झूठा प्रचार कर रहे हैं कि भाजपा आरक्षण खत्म करना चाहती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ही बाबा साहेब को भारत रत्न दिलवाया। अंबेडकर जयंती की छुट्टी भी प्रधानमंत्री ने ही घोषित करवाई। अंबेड़कर के नाम पर म्यूजियम बनवाया। उनके साथ साथ भाजपा मीडिया प्रभारी अरविंद सैनी, प्रवक्ता नेहा धवन, घुमंतू जाति के चेयरमैन डॉ. बलवान, मीडिया सहप्रमुख नवीन राठी, अशोक खुराना, जिला मीडिया प्रभारी तरुण सन्नी शर्मा मौजूद रहे।

# एचडी स्कूल में विद्यार्थियों को बताए एनसीसी ज्वाइन करने के फायदे




महम। विद्यार्थियों को संबोधित करते एनसीसी अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

एचडी सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल खेड़ी महम में मंगलवार को प्रथम हरियाणा एनसीसी बटालियन के प्रशासनिक अधिकारी मनवीर सिंह धनखड़ के सामने एनसीसी कैडेट्स के द्वारा परेड के साथ-साथ अन्य मनमोहक प्रस्तुतियां प्रस्तुत की गई। इस दौरान स्कूल प्रबंधन समिति सदस्यों ने मनवीर सिंह धनखड़ की पूरी टीम का विद्यालय में पहुंचने पर स्वागत किकया। कर्नल मनवीर सिंह धनखड़ ने एनसीसी के बच्चों को एनसीसी ज्वाइन करने के फायदे बताकर उनका उत्साह बढ़ाया।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर सीटीओ संजीता, निदेशक कुलवंत नहरा, सचिव संजीव छिल्लर, प्राचार्या शालिनी गुप्ता के साथ अन्य स्टाफ सदस्य भी उपस्थित थे।

### सूचना

मैं, रूपेश कुमार पुत्र चन्द्रभान निवासी मकान नं. 48/14, कृपाल नगर, रोहतक बयान करता हूं कि मेरे प्लाट की पुरानी रजिस्ट्री 4290 दिनांक 19.11.1993 जोकि कृष्ण कुमार पुत्र श्री रघुनाथ निवासी 256/2, पाड़ा मौहल्ला, रोहतक के नाम पर थी जोकि मुझसे अनजाने में कहीं पर गुम हो गई है, जोकि खोजने के बाद भी नहीं मिली। उक्त प्लाट की रजिस्ट्री नं. 4290 दिनांक 19.11.1993 भविष्य में मिल जाती है तो मैं और मेरा परिवार उसका गलत इस्तेमाल नहीं करेंगे।

## अतिरिक्त उपायुक्त की अध्यक्षता में बैठक आयोजित

# मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए किया विचार-विमर्श

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक


चुनाव में अधिकतम मतदान करवाने के उद्देश्य से शुक्रवार को जिला की गैर सरकारी संगठनों एवं सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों की अतिरिक्त उपायुक्त वैशाली सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। इसमें इन्होंने कहा कि चुनाव के चुनाव के शेष बचे दिनों में सभी प्रतिनिधि अधिक से अधिक मतदान करवाने के उद्देश्य से सार्थक प्रयास करें।

उन्होंने कहा कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से जागरूकता गतिविधियों के साथ-साथ भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का भी पालन सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए सार्वजनिक स्थानों जैसे पार्क, बस स्टैंड, बाजार इत्यादि पर लोगों को जागरूक किया जाये तथा मतदान केंद्र के 200 मीटर के बाहर प्याऊ लगाकर जरूरतमंद व्यक्तियों को पेयजल के साथ-साथ मतदान केंद्र तक पहुंचाने में मदद करें। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि रेडक्रॉस के स्वयंसेवक तटस्थ रहते हुए बुजुर्ग व अक्षम मतदाताओं को मतदान केंद्र तक लाने में मदद करें तथा ऐसे मतदाताओं के लिए व्हीलचेयर इत्यादि का प्रबंध भी किया जा सकता है। स्वीप अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा भालौठ गांव स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में महिलाओं को मतदान के लिए जागरूक किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस्माइला स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गांव चिड़ी स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया। मोखरा गांव स्थित साक्षी मलिक राजकीय कन्या महाविद्यालय में छात्राओं को लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाये रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर मतदान करने की शपथ दिलवाई।



रोहतक। मतदान करने के लिए शपथ दिलाते हुए सीडीपीओ निर्मल, बाल विवाह निषेध अधिकारी कर्मेंद्र कौर, बाल संरक्षण अधिकारी पूनम।

TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

सैक्स समस्याएं
MOST TRUSTED SEXOLOGIST AWARDEE


निःसंतान दम्पत्तियों
को शादी के सालों साल बाद जब हमारे ईलाज से उन दम्पत्तियों को संतान सुख प्राप्त हुआ, उन लाभार्थ दम्पत्तियों के नाम व पते हमारे पास सुरक्षित हैं।
पुल पार, हिसार रोड, रोहतक 9215161430

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
- B.A.M.S. DOCTOR 4
- R.M.O. 6
- COMPUTER OPERATOR 4
- CHEMIST SHOP STAFF 2
- NURSING STAFF 10
- WARD BOY 2
नज़दीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

**खबर संक्षेप**

### युवक पर फायर करने मामले में आरोपी पकड़ा

**बेरी।** पुलिस की एक टीम द्वारा शादी समारोह में आए एक युवक को गोली मारने मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार ने बताया कि महेश निवासी गांव फतेहगढ़ जिला चरखी दादरी की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। उन्होंने बताया कि मामले में चार आरोपियों को पकड़ा जा चुका है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**झज्जर।** माछरौली क्षेत्र के गांव पाटौदा खेड़ी-सुलतान के नजदीक हुई सड़क दुर्घटना में निजी कंपनी में कार्यरत एक कर्मचारी की मौत हो गई। यह हादसा उस समय हुआ जब युवक अपनी ड्यूटी से वापिस कमरे पर जा रहा था। मृतक की पहचान करीब चौंतीस वर्षीय अनुज कुमार पुत्र मुखराम सिंह के तौर पर हुई है। पुलिस को दी शिकायत में यूपी निवासी मुखराम सिंह पुत्र ऊदल सिंह ने बताया कि वह गांव फतनपुर, थाना दिलारी, जिला मुरादाबाद का रहने वाला है।

### सट्टा खाईवाली करता काबू

**बहादुरगढ़।** सार्वजनिक स्थल पर सट्टा खाईवाली के आरोप में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ सिटी थाने में केस दर्ज किया गया है। सीआईए प्रथम ने गुप्त सूचना के आधार पर इस कार्रवाई को अंजाम दिया। पुराने अड्डे के पास से पकड़े गए आरोपी की पहचान प्रमोद के रूप में हुई है।

## अब कोई भी राजनीतिक दल महत्व नहीं दे रहा स्वयंभू प्रधानों को

# चुनाव में भी सूना पड़ा है चौबीसी चबूतरा, क्या खापों ने खो दी अपनी विश्वसनीयता, प्रधानों को अब नहीं तवज्जो

राज कुमार नरवाल ▶▶| महम


चौबीसी चबूतरा महम।

देशभर में अपनी एक खास पहचान रखने वाला महम में स्थित चौबीसी खाप का चबूतरा इस बार लोकसभा चुनाव की इस गहमागहमी के बीच भी सूना पड़ा है। कभी इस इलाके के लोगों द्वारा सांसद व विधायक चुनने का निर्णय इसी चौबीसी चबूतरे से किया जाता था। हलका महम से विधायक का फैसला यहीं से हो जाता था।

पांच साल पहले तक भी, इलेक्शन आते ही चौबीसी चबूतरे पर रैलियां, जनसभाएं और पंचायतों का आयोजन शुरू हो जाता था। लेकिन पहली बार ऐसा हो रहा है कि प्रदेश में 25 मई को चुनाव है और अब तक चौबीसी चबूतरे पर चुनाव को लेकर किसी तरह की गहमागहमी नहीं है। इसका कारण यह भी हो सकता है कि खाप चौधरियों ने अपनी विश्वसनियता खो दी है। क्योंकि अब यहां खाप के कई प्रधान बने हुए हैं।

### एक खाप, कई प्रधान

जो प्रधान हैं, वे भी अब कम ही सक्रिय दिखाई दे रहे हैं। कुछ ऐसे भी प्रधान हैं, जो पंचायत ने नहीं चुन रखे। लोग इन प्रधानों को स्वयंभू प्रधान कहते हैं। चौबीसी चबूतरे पर चुनावी गतिविधियां न होने के पीछे एक वजह यह भी रही है कि खाप प्रधान राजनैतिक दलों की गोदी में जा बैठे हैं। वहीं सभी पार्टियों ने अपने अपने हिसाब से खुद के प्रधान चुन लिए हैं, ताकि मंच पर यह दिखाया जाए कि चौबीसी खाप का प्रधान उनके साथ है। इस बार ऐसा भी नहीं हो रहा। समय के साथ साथ राजनैतिक दलों को भी समझ आ गया कि खाप प्रधान का जो पहले रुतबा होता था, अब वह नहीं रहा।

लोकसभा के इस चुनाव में खाप प्रधानों की कोई खास तवोज्जो नहीं दी जा रही। यदि हो भी रही है तो वह दिख नहीं रही। चुनाव के इस माहौल में चौबीसी खाप का चबूतरा सूना पड़ा है। इलाके में चर्चा है कि चौबीसी खाप का ऊंचा नाम है। आज इसकी गरिमा को बचाने की जरूरत है। क्योंकि यहां से लिए गए फैसले कानून बने हैं। वहीं एक वर्ग का यह भी मानना है कि खाप पंचायत एक गैर राजनैतिक संगठन है और चौबीसी चबूतरे पर सामाजिक फैसले लिए जाते थे। पंचायत अपना उम्मीदवार यहां से लोकसभा व विधानसभा में भेजती थी। अब खाप का कोई उम्मीदवार भी नहीं है, तो यह सही है कि खाप प्रधान राजनैतिक दलों में दिलचस्पी नहीं दिखा रहे।

### आस्था है चबूतरा

चौबीसी का चबूतरा यहां के लोगों की आस्था का मुख्य केंद्र है। जब भी चुनाव नजदीक आते हैं, तो यहां पर गहमा गहमी और बढ़ जाती है। विभिन्न राजनैतिक दलों व सामाजिक संस्थाओं के लोग व पंचायती आदमी यहां पर अपने अपने विचार प्रकट करते हैं। चौबीसी के नेता तो चबूतरे को चुनावी वैतरणी मानते हैं। जो भी उम्मीदवार अपनी पार्टी से टिकट लेकर महम पहुंचता है तो सबसे पहले वह चौबीसी चबूतरे पर पहुंचता है और वह यहां पर दीप प्रज्वलित कर शहीदों को याद कर चबूतरे पर मत्था टेकता है। कहने का मतलब यह है कि सभी प्रत्याशी अपने चुनाव का श्री गणेश इस चबूतरे से ही करते हैं। महम का चौबीसी चबूतरा लोगों को रोहतक की चौधर की राह दिखाता है।

### तांगे वाले को बना दिया था विधायक

संयुक्त पंजाब के समय की बात है कि गोहाना के बली गांव का एक रामधारी वाल्मीकि नाम का शख्स था, जो महम से गोहाना तक तांगा चलाता था। उस समय महम की तहसील गोहाना होती थी। महम की तहसील गोहाना होने की वजह से यहां के लोगों का गोहाना अधिक आना जाना रहता था। यात्रियों के साथ उसका व्यवहार अच्छा था। विधानसभा चुनाव का समय नजदीक आया। चौबीसी चबूतरे पर फिर पंचायत बुलाई गई। विधानसभा चुनाव में उम्मीदवार बनाने के लिए कई लोगों के नाम पर चर्चा हुई। लेकिन किसी के नाम पर सहमति नहीं बन पाई। अंत में खाप चौधरियों को तांगा चलाने वाले रामधारी वाल्मीकि का ख्याल आया, जो चबूतरे पर मौजूद भी नहीं था। गोहाना और महम के बीच तांगा चला रहा था। उसे ढूंढकर चबूतरे पर लाया गया। पंचायतियों ने रामधारी बाल्मीकि को विधानसभा चुनाव में नामांकन करने के लिए कहा। उसने नामांकन किया और चुनाव में उसकी एक तरफा लहर चली। चुनाव जीतकर वे विधानसभा में पहुंच गए।

### आशीर्वाद से चुने गए कई विधायक

किसी जमाने में चौबीसी चबूतरे और यहां की खाप की इतनी मान्यता थी कि यहां के लोग विधायक या अन्य जन प्रतिनिधि चुनने के लिए चबूतरे पर बैठक करते थे और जो निर्णय यहां लिया जाता था, महम क्षेत्र की जनता उसी पर फूल चढ़ा देती थी। भले ही उम्मीदवार के पास किसी भी राजनैतिक दल की टिकट भी न हो। हलके का विधायक वही बनता था, जो चबूतरे पर तय हो जाता था। एक तरफा चुनाव होता था। पार्टियों का सिम्बल और उम्मीदवारों की योग्यताएं धरी की धरी रह जाती थी और चबूतरे से तय किया गया उम्मीदवार बंपर वोटों से जीतता था। महम चौबीसी चबूतरे का आशीर्वाद पाकर कई लोग लोकसभा और विधानसभा तक पहुंचे हैं। प्रदेश में पहली बार 1967 में विधानसभा चुनाव हुए तो चौबीसी चबूतरे पर पंचायत बुलाई गई। निंदाना गांव के पढ़े लिखे साधारण नौजवान प्रोफेसर महा सिंह का नाम तय किया गया। उन्हें पंचायत में बुलाया गया और पर्चा भरने के लिए कहा गया। उन्होंने निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर पर्चा भरा और वे विधायक बने। प्रदेश के पहले शिक्षा मंत्री के तौर पर महा सिंह ने शपथ ली। पंचायत ऐसे व्यक्ति को चुनती थी, जो समाज के प्रति अपनी जिम्मेवारी को समझे और वह इमानदार हो। 1972 के विधानसभा चुनाव में फिर चबूतरे पर पंचायत हुई और सैमाण गांव के उमेद सिंह को अपना उम्मीदवार घोषित किया और विधानसभा में पहुंचे।

# ड्राइंग एवं कलरिंग प्रतियोगिता में पेटाइंस ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



पठानिया वल्ड कैम्पस में कक्षा नर्सरी एव केजी के लिए ड्राइंग तथा कलरिंग प्रतियोगिता का आयोजन शुक्रवार को किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों की रचनात्मक प्रतिभा को निखारना रहा। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्रों ने विभिन्न रंगों से सूरज, पेड़, फल एवं कार्टून आदि बनाकर अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में कक्षा नर्सरी से चित्राक्षी, दिव्या मलिक, मेहर, प्रणीत मलिक, विवान वीर, गुरमित मलिक, जयनिका, रूद्र, स्वास्तिक तथा यश का प्रदर्षन सराहनीय रहा। वहीं कक्षा जूनियर केजी से देवांष, हैमी, कायरा, मीरा सिंह, सावी, श्रीयन, वृत्ति, आराध्या, काव्या, खुषी, पूर्णांष, सविका तथा शिवांश, कक्षा सीनियर केजी से भान्वी मल्होत्रा, जीवेष, मनवीक बहल, नैना बामल, रजत, तूवीक्षतरा, वाणी सारस्वत का प्रदर्शन सराहनीय रहा। स्कूल निदेशक अंशुल पठानिया, को-फाउंडर वर्षा पठानिया, प्रधानाचार्या तन्वी पठानिया, उप प्रधानाचार्या सुनीता मोर, हैड मिस्ट्रेस सुमन राठी ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना तथा उन्हें भविष्य में होने वाली सभी प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

# विजय नगर में गली निर्माण की मांग निगम आयुक्त को भेजी शिकायत



**रोहतक।** हुडा काम्प्लेक्स के पास स्थित विजय नगर के निवासियों ने गली निर्माण सही ढंग से करवाने की मांग की। उन्होंने नगर निगम के आयुक्त को शिकायत भेजी है। जिसमें बताया गया है कि वह अपनी समस्याओं को लेकर भी पहले भी संयुक्त आयुक्त, एक्सईएन और ठेकेदार से मिल चुके हैं लेकिन उनकी समस्या का समाधान नहीं करवाया गया। उनका आरोप है कि गली के निर्माण सही लेवल न कर लापरवाही बरती जा रही है, जिससे आने वाले समय में लोगों को परेशानी उठानी पड़ेगी। शिकायत में सुंदर गुप्ता, दिपांशु, महेश, कमल और पुनित आदि ने बताया कि कुछ लोगों के हस्तक्षेप के कारण गली का लेवल सही नहीं किया जा रहा। इससे पानी की निकासी में दिक्कतें आएंगी। कुछ लोगों ने कई कई फुट तक अतिक्रमण किया हुआ है। उन्होंने निगम आयुक्त से मांग की कि उनकी गलि का सही लेवल और नियमों के तहत निर्माण कार्य करवाया जाए। कॉलोनी निवासी इससे पहले पूर्व सहकारिता मंत्री से भी मिल चुके हैं।

# आकाशदीप दुहन साइंस इंस्टीट्यूट में लगा करियर काउंसलिंग सेमिनार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



सोनीपत रोड स्थित आकाशदीप दुहन साइंस इंस्टिट्यूट में 11वीं व 12वीं के बच्चों के लिए मोटिवेशन व करियर काउंसलिंग विषय पर सेमिनार आयोजित किया गया। संयोजक डॉक्टर अशोक दुहन ने बताया कि इस दौरान समाज सेविका व शिक्षाविद डॉक्टर कविता चक्रवर्ती ने बच्चों को करियर संबंधी जानकारी दी। उन्होंने बेरोजगारी पर बात करते हुए कहा कि बेरोजगारी से निपटने के लिए बच्चों के अंदर (स्किल डेवलपमेंट ) कार्य कुशलता के गुण शिक्षा के साथ-साथ सिखाए जाने चाहिए। डॉक्टर चक्रवर्ती ने बेरोजगारी के कारणों से भी छात्रों को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि इस समस्या का मुख्य कारण विकास की कमी, अपर्याप्त नौकरियों के अवसर और कुछ क्षेत्रों में अपर्याप्त निवेश भी शामिल है। बेरोजगारी को कम करने के लिए शैक्षणिक संस्थान और उद्योगों के बीच सहयोग, इंटर्नशिप के कार्यक्रम व व्यावसायिक प्रशिक्षण, रोजगार अनुरूप पाठ्यक्रम से इस समस्या को हल करने की आवश्यकता है। शिक्षा प्रणाली में बदलाव लाकर हम बच्चों को आगे बढ़ने के गुण सिखाए। डॉक्टर चक्रवर्ती ने बताया कि एक मेहनतकश व उत्साह से परिपूर्ण व्यक्तित्व समाज के लिए एक मजबूत व अच्छा नागरिक सिद्ध हो सकता है। जो अपने साथ-साथ दूसरों को भी रोजगार देता है।

# मतदान हमारा कर्तव्य और नैतिक जिम्मेदारी है


**रोहतक।** विद्यार्थियों को मतदान करने की शपथ दिलाते हुए प्राचार्य डॉ. जयपाल शर्मा।

- गौड़ कॉलेज में विद्यार्थियों को मतदान की दिलाई शपथ
- मतदान हमारा कर्तव्य होने के साथ ही नैतिक जिम्मेदारी भी है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गौड़ ब्राह्मण डिग्री कॉलेज में कॉलेज की यूथ रेडक्रॉस इकाई, महिला सैल द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। प्राचार्य डॉ. जयपाल शर्मा ने विद्यार्थियों को मतदान करने की शपथ दिलवाई।

इसके अलावा विद्यार्थियों को प्रेरित किया गया कि वे अपना वोट डालने के साथ साथ अन्य लोगों को भी मतदान के लिए जागरूक करें। उन्होंने कहा कि मतदान हमारा कर्तव्य होने के साथ ही नैतिक जिम्मेदारी भी है। मतदान वाले दिन को छुट्टी का दिन मानकर हम घर से ही नहीं निकलते या कहीं घूमने चले जाते हैं, जिससे हमारा वोट प्रतिशत कम हो जाता है।

निष्पक्ष और सटीक प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक वोट महत्वपूर्ण है। इसलिए सबसे पहले हमें मतदान करना चाहिए और लोकतंत्र के पर्व में अपनी भागेदारी देनी चाहिए। यूथ रेडक्रॉस काउंसलर डॉ. कपिल कौशिक ने कहा कि लोकतंत्र में मतदान की भूमिका प्रमुख है और प्रत्येक मतदाता को निष्पक्ष एवं निर्भीक होकर अनिवार्य रूप से मतदान करना चाहिए। काउंसलर डॉ. तरुण वत्स ने कहा कि मतदान लोकतंत्र का अभिन्न अंग है।

काउंसलर डॉ. मनीषा कौशिक ने कहा कि मतदान का अधिकार एक मौलिक अधिकार है। मतदान के माध्यम से हम अपने देश के प्रतिनिधियों का चुनाव करते हैं।

ये प्रतिनिधि हमारी सरकार बनाते हैं और हमारे देश का शासन करते हैं। इसलिए, यह महत्वपूर्ण है कि हम अपने मताधिकार का प्रयोग करें और अपने देश के विकास में योगदान दें।

महिला सैल इंचार्ज डॉ. मंजू शर्मा ने कहा कि मतदान के माध्यम से हम समाज में बदलाव ला सकते हैं। हम यह तय कर सकते हैं कि हमारे देश में सभी के अधिकारों की रक्षा हो।

### पांच दिवसीय राज्य स्तरीय बाढ़ राहत प्रशिक्षण शिविर संपन्न

**रोहतक।** राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा स्थानीय तिलयार लेक पर आयोजित 5 दिवसीय राज्य स्तरीय बाढ़ राहत प्रशिक्षण शिविर शुक्रवार को संपन्न हो गया। इस मौके पर नगराधीश अंकित कुमार ने प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किये। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से कहा कि यह प्रशिक्षण सभी के लिए लाभदायक साबित होगा। सभी प्रशिक्षणार्थी इस प्रशिक्षण के दौरान बताई गई सभी सावधानियों का हमेशा ध्यान रखें तथा किसी भी आपात स्थिति में लोगों की रक्षा करने में अपना पूर्ण सहयोग दें। नगराधीश अंकित कुमार ने कहा कितिलियार लेक पर प्रतिवर्ष राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा आयोजित पांच दिवसीय राज्य स्तरीय बाढ़ राहत प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाता है।

# चुनाव के विभिन्न चरणों से करवाया अवगत

- कक्षा आठवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने इस मॉक ड्रिल में हिस्सा लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक




अस्थल बोहर स्थित श्री बाबा मस्तनाथ रेजिडेंशियल सैनिक विद्यालय में शुक्रवार को एक विशेष इलेक्शन मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। कक्षा आठवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने इस मॉक ड्रिल में हिस्सा लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं और चुनावी प्रक्रिया के विभिन्न चरणों से अवगत कराना रहा। मॉक ड्रिल की रूपरेखा और संचालन का कार्य अध्यापक पवन, रामचंद्र व अध्यापिका रितु मलिक द्वारा किया गया। निदेशक ग्रुप कैप्टन सुरिंद्र मोहन शर्मा ने विद्यार्थियों को चुनाव प्रक्रिया के विभिन्न पहलुओं जैसे नामांकन, मतदान, मतगणना और परिणाम घोषणा की जानकारी दी। वहीं मतगणना प्रक्रिया को व्यवहारिक रूप में विद्यार्थियों के सामने भी प्रस्तुत किया गया। निदेशक ने कहा कि ऐसे मॉक ड्रिल्स विद्यार्थियों को लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं की महत्ता को समझने में मदद करते हैं और उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करते हैं। हमारा उद्देश्य विद्यार्थियों को न केवल शैक्षणिक ज्ञान देना है बल्कि उन्हें जीवन के महत्वपूर्ण कौशल भी सिखाना है।

# कैरम में छात्रों का बेहतर प्रदर्शन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

विकल्प पब्लिक स्कूल में इंटर क्लास कैरम बोर्ड टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसमें सभी बच्चों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। जूनियर टूर्नामेंट में कक्षा पांचवी से आठवीं तक की टीमों ने हिस्सा लिया व सीनियर टूर्नामेंट में कक्षा नौवीं से बारहवीं तक की टीमों ने हिस्सा लिया। इस दौरान जूनियर टूर्नामेंट से कक्षा पांचवी से गर्ल्स टीम से वर्षा, हर्षिता व ब्वॉयज टीम से उत्कर्ष व कुश प्रथम रहे। वहीं सीनियर टूर्नामेंट में कक्षा नौवी से गर्ल्स टीम से ऐंजल, अंजली व ब्वायज टीम से वीर व अंशु प्रथम रहे। सभी विजेता विद्यार्थियों को स्कूल प्रबंधन द्वारा एपरीसियेशन सर्टिफिकेट्स देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन पीटीई प्रशांत की देख रेख में किया गया। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन कमेटी के निदेशक सुखबीर सिंह, सहायक निदेशिका किरन खुराना, कोर्डिनेटर मंजु, नितिका, मोनिका, खुशबू, गुरु दत्त आदि उपस्थित रहे।

## लोकसभा आम चुनाव के लिए सभी मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए

# एसपी ने किलोई, रिठाल व काहनी मतदान केंद्र का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक




**रोहतक।** गांव किलोई, रिठाल व काहनी में स्थित मतदान केंद्रों का निरीक्षण करते हुए रोहतक संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी अजय कुमार व पुलिस अधीक्षक।

रोहतक संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी अजय कुमार ने पुलिस अधीक्षक हिमांशु गर्ग के साथ गांव किलोई, रिठाल व काहनी में स्थित मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा की तथा मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की सुविधा के लिए जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध करवाई गई मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन लोकसभा आम चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के लिए कृतसंकल्प है। लोकसभा आम चुनाव के लिए सभी मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किये गए है ताकि हर मतदाता निडर होकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके। डीसी अजय कुमार ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा संवेदनशील मतदान केंद्रों की पहचान की गई है, जहां पर सुरक्षा के अतिरिक्त प्रबंध किये जा रहे है। उन्होंने मतदाताओं को आश्वस्त किया कि वे 25 मई को निडर होकर अपने घरों से निकलकर बिना किसी प्रलोभन के अपने मताधिकार का प्रयोग करें। उन्होंने ग्रामीणों का आह्वान किया कि वे ज्यादा से ज्यादा संख्या में 25 मई को मतदान में हिस्सा लें तथा देश के लोकतंत्र को और मजबूत बनाये। पुलिस अधीक्षक हिमांशु गर्ग ने कहा कि जिला में संवेदनशील मतदान केंद्रों की पहचान की गई है तथा इन पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जायेगा। जिला में पुलिस बल के अलावा अर्धसैनिक बलों की तैनाती की जाएगी ताकि हर मतदाता भयरहित माहौल में निडर होकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। जिला पुलिस लोकसभा आम चुनाव को लेकर पूरी तरह सतर्क है तथा पुलिस द्वारा नाके लगाकर आने-जाने वाले वाहनों की तलाशी भी ली जा रही है। इस अवसर पर संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



नर समुद्री घोड़े अपनी संतान को जन्म देते हैं।



बिल्लियों के समूह को क्लाउडर कहा जाता है।

# कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर बन चमकाएं अपना करियर



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

कंप्यूटर के कार्य करने के तरीके को जानकर उसका सुचारू रूप से संचालन करना कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर का कार्य होता है। कंप्यूटर अनुदेशक कंप्यूटर को इंस्ट्रक्टशन देता है या फिर कंप्यूटर इंस्ट्रक्टशन को लोगों को आम भाषा में सिखाता है इसे आप आसान भाषा में कंप्यूटर अध्यापक भी कह सकते हैं। आपकी जानकारी के लिए बता देते हैं कि कंप्यूटर का उपयोग आज के समय में बड़े पैमाने पर किया जाता है। इसके लिए कंप्यूटर को इंस्ट्रक्टर करने वाले लोगों की भी डिमांड देश और दुनिया में हर दिन बढ़ रही है तो आइए कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर के बारे में जानते हैं।

## कंप्यूटर का आज बहुत महत्व

कंप्यूटर का उपयोग तथा उसका महत्व क्या है? यह बात आप भली-भांति जानते ही होंगे, क्योंकि आज के समय में कंप्यूटर प्रत्येक छोटा से छोटा और प्रत्येक बड़ा से बड़ा कार्य कर लेता है। कंप्यूटर पर आज के समय में दुनिया भर के प्रत्येक काम किए जाते हैं। कंप्यूटर की मदद से ही बड़ी-बड़ी कंपनियां और बड़े बड़े उद्योगों को चलाया जाता है। इस तरह से कंप्यूटर की उपयोगिता के आधार पर आप इसकी जरूरत और इससे होने वाले फायदों के बारे में भली-भांति जान सकते हैं। कंप्यूटर आज के दैनिक जीवन में इस्तेमाल किए जाने वाला एक आम उपकरण बन चुका है जिसका इस्तेमाल भारत में तथा दुनिया भर में 80% से भी अधिक आबादी करती है। कंप्यूटर का उपयोग ज्योति नहीं करते हैं वह कंप्यूटर के द्वारा निर्मित या कंप्यूटर के सहयोग से बनी हुई वस्तुओं का उपयोग अवश्य करते हैं। इस बात से आप अंदाजा लगा सकते हैं कि कंप्यूटर आज के समय में कितना महत्वपूर्ण उपकरण बन चुका है। कंप्यूटर पर आधारित बड़े-बड़े उद्योग और बड़ी-बड़ी कंपनियां संचालित हैं। कंप्यूटर की मदद से ऑनलाइन कार्य किए जाते हैं और हर तरह के काम को आसान बनाया जाता है। कंप्यूटर बहुत सारे लोगों का काम अकेला ही तथा कुछ ही समय में कर देता है इसके अलावा काफी आसान तरीके से काम को निपटा देता है इसीलिए कंप्यूटर का महत्व है।

## कौन होता है कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर

एक ऐसा व्यक्ति जो कंप्यूटर की प्रणालियों को समझ कर लोगों के इस्तेमाल के लिए कंप्यूटर को तैयार रखता है या कंप्यूटर की प्रणालियों को समझ कर लोगों को आसान भाषा में बताता है, ऐसे व्यक्ति को हम कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर कहते हैं। कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर एक प्रकार का कंप्यूटर अध्यापक होता है जो कंप्यूटर से संबंधित विभिन्न प्रकार के कार्य करता है। कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर का कार्य आमतौर पर बड़े-बड़े सरकारी विद्यालयों में तथा बड़े-बड़े प्राइवेट शिक्षण संस्थान में बच्चों को कंप्यूटर की क्लास के दौरान होता है।

### क्या होता है कार्य

कंप्यूटर एक ऐसा उपकरण है जो जटिल से जटिल कार्य को कम से कम समय में पूरा कर देता है। कंप्यूटर को समझना बहुत आसान है और बहुत कठिन भी है क्योंकि हम जितना कंप्यूटर को समझेंगे उतना हम कार्य कर सकते हैं। लेकिन हम कंप्यूटर को पूरी तरह से नहीं समझ सकते, क्योंकि हम जितना चाहे उतना कंप्यूटर को समझ सकते हैं और जितना चाहे उतना अपनी समझ के अनुसार कंप्यूटर से कार्य करवा सकते हैं जो व्यक्ति जितना अधिक कंप्यूटर के क्षेत्र में आगे बढ़ता है। कंप्यूटर की शिक्षा प्राप्त करता है। वह उसके अनुकूल कंप्यूटर से संबंधित शिक्षा ग्रहण कर लेता है

## कंप्यूटर अनुदेशक की योग्यताएं

कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर बनना चाहते हैं तो आपको कुछ योग्यताएं पास करनी होगी, जिसके बाद ही आप कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर बन सकते हैं क्योंकि यह एक महत्वपूर्ण पद है। प्रत्येक व्यक्ति को कंप्यूटर के सेक्टर में अतिरिक्त और महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त नहीं होती है। अगर आप कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर बनना चाहते हैं, तो आपको कंप्यूटर से संबंधित कंप्यूटर सॉफ्टवेयर और कंप्यूटर की प्रणाली को गंभीरता से जानना होगा। कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर बनने की योग्यता इस प्रकार है।

- कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर बनाने के लिए आपको कंप्यूटर के सेक्टर में गहरी रूचि होनी चाहिए।
- आपके पास कंप्यूटर के क्षेत्र मे डिप्लोमा या कोई अतिरिक्त उच्च डिग्री होनी चाहिए।
- कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर बनने के लिए आपको कंप्यूटर को गहराई से समझना होगा।
- कंप्यूटर सॉफ्टवेयर और कंप्यूटर की प्रणाली के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त करनी होगी।
- कंप्यूटर अनुदेशक बनने के लिए संबंधित शिक्षण संस्थान तथा वैकेंसी के अंतर्गत आवेदन करना होगा। कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर बनाने के लिए संबंधित लिखित एवं महत्वपूर्ण परीक्षा पास करनी होगी।

**कैसे बनें :** सरकारी नौकरी के तहत कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर बनने के लिए आपको शिक्षण संस्थान या संस्था द्वारा रिक्त पदों पर भर्ती के लिए मांगे गए आवेदन के अंतर्गत आवेदन करना होगा।

- आवेदन करने के बाद निर्धारित की गई योग्यता के आधार पर अपनी योग्यता सिद्ध करनी होगी।
- कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर के लिए आयोजित परीक्षा अच्छें अंकों के साथ पास करनी होगी, तभी आपका नंबर मेरिट लिस्ट में आ पाएगा।
- अगर आपका नाम मेरिट लिस्ट में आ जाता है तो आप कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर बन जाते हैं।
- कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर बनने के बाद कार्यरत होने से पहले आपको संबंधित अपने सभी दस्तावेजों को प्रमाणित करवाना होता है।
- प्राइवेट सेक्टर में कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर बनाने के लिए आपको संस्था या शिक्षण संस्थान के आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन करना होगा।

### 12वीं की पढ़ाई के बाद यह एक ग्रेजुएशन डिग्री कोर्स

# बिजनेस की बारीकियां समझते हैं तो बीबीए कर बना सकते हैं अच्छा करियर



जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

## युवाओं के लिए बन रहा पहली पसंद

विद्यार्थी अपने करियर में कई तरह के डिग्री व डिप्लोमा कोर्स कर के करियर को सफल बनाने के बारे में प्रयास करता है। विद्यार्थी अपने विषय वर्ग के आधार पर ही उच्च स्तर के पढ़ाई के बारे में सोचता है और उच्च स्तर की पढ़ाई को अपने ग्यारहवीं व बारहवीं कक्षा के विषय वर्ग के आधार पर ही तय करता है। जो विद्यार्थी बिजनेस से संबंधित कोर्स करना चाहते हैं। यानी कि जो विद्यार्थी अपने भविष्य में बिजनेस को कैसे बढ़ाया जाए और बिजनेस से जुड़ी इकोनामी और मार्केटिंग स्ट्रैटजी के बारे में डिग्री लेना चाहते हैं, तो उन विद्यार्थियों के लिए भी बीबीए की डिग्री बहुत ही ज्यादा उपयोगी साबित होती है। विद्यार्थी बीबीए की डिग्री लेकर अपने भविष्य को बिजनेस के क्षेत्र में सफल बना सकता है। आज के आर्टिकल में हम आपको बीबीए कोर्स क्या होता है और बीबीए कोर्स कैसे करें, इसके बारे में डिटेल में जानकारी देने का प्रयास करेंगे।





### क्या होता है बीबीए

भारत में बहुत सारी यूनिवर्सिटी जो बीबीए कोर्स विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध करवाती है। बीबीए कोर्स जो 12वीं की पढ़ाई के बाद एक ग्रेजुएशन डिग्री कोर्स है। इस कोर्स को करने के लिए विद्यार्थी को 6 सेमेस्टर यानी कि 3 साल तक पढ़ाई करनी होती है। बीबीए कोर्स करने के पश्चात विद्यार्थी बिजनेस से संबंधित कई क्षेत्रों में नौकरी हासिल कर सकता है और उसके बाद मास्टर डिग्री के तौर पर एमबीए की डिग्री लेकर अपने भविष्य को सुधार सकता है। बीबीए का फुल फॉर्म "बैचलर आफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन" है। जिसे हिंदी में व्यवसाय प्रबंधन में ग्रेजुएशन कहा जाता है।

### क्या है योग्यता

*जो विद्यार्थी बीबीए कोर्स करना चाहता है। उस विद्यार्थी के पास कुछ योग्यता होनी अनिवार्य है। क्योंकि योग्यता के आधार पर ही विद्यार्थी को बीबीए कोर्स में आवेदन मिलता है। बीबीए कोर्स करने वाले उम्मीदवार के पास किसी भी विषय वर्ग के साथ 12वीं कक्षा में न्यूनतम 50% अंक होना अनिवार्य है। कई ऐसे सरकारी कॉलेज है, जो 60% न्यूनतम अंक पूछते हैं। बैचलर आफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन डिग्री लेने वाले विद्यार्थी को किसी भी विषय वर्ग के साथ 12 वीं कक्षा उत्तीर्ण करनी है और बारहवीं कक्षा के बाद किसी कॉलेज में एंट्रेंस एग्जाम आयोजित होता है। तो उस एंट्रेंस एग्जाम में भाग लेकर एडमिशन लेना होगा। अन्यथा आप डायरेक्ट बारहवीं कक्षा के बाद बीबीए कॉलेज में एडमिशन ले सकते हैं।*

### कैसे करें बीबीए

*जो विद्यार्थी बैचलर आफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन करना चाहता है। उस विद्यार्थी के लिए नीचे कुछ चरण मौजूद करवाए गए हैं। उन चरणों को फॉलो करते हुए विद्यार्थी बैचलर आफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन कोर्स कर सकता है। सर्वप्रथम विद्यार्थी को बैचलर आफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन करने के लिए 12 वीं कक्षा उत्तीर्ण करनी होगी। 12वीं कक्षा में विद्यार्थी न्यूनतम 50% या न्यूनतम 60% अंक के साथ पास कर सकता है। कई कॉलेज जो 50% अंक के बावजूद भी आप को एडमिशन दे देते हैं। लेकिन कई कॉलेज में न्यूनतम मार्क्स के तौर पर 60% अंक होने अनिवार्य है। बारहवीं कक्षा के पश्चात विद्यार्थी बैचलर आफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन के लिए कॉलेज में जाता है। कॉलेज मिलने के बाद उम्मीदवार को 3 साल की अवधि यानी कि 6 सेमेस्टर में अच्छे से पढ़ाई करते हुए इस कोर्स को पूरा करना है और बैचलर आफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट हासिल करना है।*

### कितनी फीस होती

*बीबीए करने के लिए कितना खर्चा आएगा इसके बारे में बात की जाए, तो बैचलर आफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन करने वाले उम्मीदवार को फीस के तौर पर 3 साल में कुल 100000 से लेकर 150000 तक खर्चा आता है। कई प्राइवेट कॉलेज में इससे अधिक भी हिसाब से वसूली जा सकते हैं।*

***बेहतरीन कॉलेज :*** *भारत की जनसंख्या के आधार पर भारत में लाखों की संख्या में विश्वविद्यालय में मौजूद होंगे लेकिन कई बार भारत के टॉप कॉलेज पर बात आकर अटक जाती है। भारत के टॉप बैचलर आफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन कॉलेज की सूची हम आपको नीचे प्रदान करवा रहे हैः क्राइस्ट यूनिवर्सिटी, बैंगलोर, एमिटी इंटरनेशनल बिजनेस स्कूल, नोएडा, इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज, नोएडा विल्सन कॉलेज, मुंबई, शैलेश जे मेहता स्कूल ऑफ मैनेजमेंट , मुंबई, नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग, महाराष्ट्र, एस. पी. जैन इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च, मुंबई, नेशनल इंस्टियूट ऑफ मैनेजमेंट, राजस्थान।*

### कितने साल का कोर्स

*बीबीए कोर्स कितने साल का होता है? यह सवाल कई लोगों के मन में हमेशा खटकता रहता है। बीबीए कोर्स दो-तीन साल की अवधि के लिए कॉलेज के द्वारा प्रदान करवाया जाने वाला एक ग्रेजुएशन कोर्स है। जिसे विद्यार्थी 3 साल यानी कि 6 सेमेस्टर के दौरान पूरा कर सकता है। विद्यार्थी 6 सेमेस्टर के साथ इसका सर्टिफिकेट हासिल कर सकता है।*

### कोर्स के विषय

बैचलर आफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन कोर्स करने वाले उम्मीदवारों को बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्टर किन किन विषयों के साथ हो सकता है। इसके बारे में जानकारी लेना बहुत ही ज्यादा जरूरी है, जो विद्यार्थी बी बी ए का कोर्स कर रहा है। उन विद्यार्थियों के लिए बीए में कौन-कौन से विषय होते हैं। उसकी सूची हम आपको नीचे प्रदान करवा रहे हैं।

- फाइनेंसिएल एकाउंटिंग
- प्रिंसिपल ऑफ मैनेजमेंट
- क्वांटीटेटिव टेक्निकस
- बिजनेस इकॉनोमिक्स
- कॉस्ट एकाउंटिंग
- मैनेजमेंट एकाउंटिंग
- स्टेटिस्टिक मैनेजमेंट
- डायरेक्ट एंड इन डायरेक्ट टैक्स
- मार्केटिंग मैनेजमेंट
- बिजनेस मैथिमेटिक्स
- सिक्योरिटी एनालिसिस
- कॉरपोरेट प्लानिंग
- प्रोडक्शन एंड मैटिरियल मैनेजमेंट
- इंटरनेशनल मार्केटिंग
ऑर्गेनाइजेशन बिहेवियर
- ऑपरेशनस रिसर्च
- इंडस्ट्रियल रिलेशनस
- पर्सनल मैनेजमेंट
- बिजनेस फाइनेंस
- इंवायरमेंटल मैनेजमेंट
- हयूमेन रिसोर्स मैनेजमेंट
- सेल्स एंड डिस्ट्रिब्यूशन

### बीबीए के बाद क्या करें

जो विद्यार्थी बी बी ए का कोर्स कर लेता है, तो उसके पश्चात विद्यार्थी को आगे मास्टर डिग्री के तौर पर एमबीए की डिग्री लेने का एक सुनहरा मौका होता है। एमबीए की डिग्री लेने के बाद विद्यार्थी अपने आपको बिजनेस के क्षेत्र में काफी परफेक्ट बना सकता है और बिजनेस के कई विषयों को गहराई के साथ पढ़ सकता है। जो विद्यार्थी बीबीए कोर्स करने के बाद डिग्री लेने की बजाय सीधा जॉब करना चाहता है, तो बीबीए कोर्स के बाद विद्यार्थी जॉब कर सकता है। लेकिन बीबीए कोर्स के बाद कौन-कौन से कोर्स किए जा सकते हैं। इसकी सूची हम आपको नीचे प्रदान करवा रहे हैं।

*एमबीए, पीजीडीएम, एलएलबी, चार्टर्ड एकाउंटेंट, बैंकिंग में पीजी डिप्लोमा, एमएमएस, वित्त प्रबंधन में मास्टर्स, डाटा साइंस में पीजी सर्टिफिकेशन, डिजिटल मार्केटिंग में मास्टर्स ।*

***जॉब के अवसर :*** *जो उम्मीदवार बैचलर आफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन डिग्री लेने के बाद नौकरी की तलाश कर रहे हैं। उन विद्यार्थियों के लिए कई तरह की नौकरी* ***bba*** *कोर्स करने के बाद उपलब्ध हो जाती है। विद्यार्थी बीबीए कोर्स करके नीचे दिए गए निम्नलिखित पदों पर नौकरी प्राप्त कर सकता है:*

*▶▶ बिज़नेस डेवलपमेंट एग्जीक्यूटिव ▶▶ एग्जीक्यूटिव असिस्टेंट ▶▶ मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव ▶▶ यात्रा एवं पर्यटन मैनेजर ▶▶ इवेंट मैनेजर*

# नेतृत्व का अर्थ केवल आदेश देना नहीं, बल्कि समूह को प्रेरित करना और आगे बढ़ाना भी



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

नेतृत्व का महत्व हमारे जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में है, चाहे वह व्यवसाय हो, राजनीति हो, सामाजिक कार्य हो या शिक्षा। खासकर छात्रों के लिए, नेतृत्व कौशल का विकास अत्यंत आवश्यक है क्योंकि वे भविष्य के नेता हैं। नेतृत्व का सही अर्थ केवल आदेश देना नहीं है, बल्कि समूह को एक दिशा में प्रेरित करना और उनके साथ मिलकर लक्ष्यों को प्राप्त करना है। इस लेख में, हम छात्रों में नेतृत्व कौशल के महत्व, उनके विकास के तरीके और उनके प्रभाव के बारे में विस्तार से चर्चा करेंगे। नेतृत्व का सीधा संबंध समाज और संगठन के विकास से है। एक अच्छा नेता केवल अपने अनुयायियों को ही नहीं, बल्कि समग्र समाज को भी प्रगति की दिशा में ले जाता है। छात्रों के लिए, नेतृत्व कौशल बहुत महत्वपूर्ण हैं।

## आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता का होता विकास

**स्वयं की पहचान:** नेतृत्व छात्रों को अपनी पहचान स्थापित करने में मदद करता है। इससे उनमें आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता का विकास होता है।

**समूह कार्य:** नेतृत्व कौशल छात्रों को टीम के साथ मिलकर काम करने की क्षमता प्रदान करता है। यह उन्हें समूह में सामंजस्य बैठाने और दूसरों के विचारों का सम्मान करने के लिए प्रेरित करता है।

**निर्णय लेने की क्षमता:** एक नेता को सही समय पर सही निर्णय लेने की आवश्यकता होती है। छात्रों में यह क्षमता उन्हें भविष्य में जटिल परिस्थितियों का सामना करने में मदद करती है।

**संचार कौशल:** नेतृत्व कौशल छात्रों में प्रभावी संचार कौशल का विकास करता है, जो उनके शैक्षिक और व्यक्तिगत जीवन में महत्वपूर्ण होता है।

नेतृत्व कौशल का विकास एक निरंतर प्रक्रिया है, जिसे निम्नलिखित तरीकों से प्राप्त किया जा सकता है:

**शैक्षिक कार्यक्रम और कार्यशालाएं:** विद्यालय और कॉलेज नेतृत्व कौशल के विकास के लिए विशेष कार्यक्रम और कार्यशालाओं का आयोजन कर सकते हैं। इनमें छात्रों को नेतृत्व के विभिन्न पहलुओं से परिचित कराया जा सकता है।

**समूह परियोजनाएं:** छात्रों को समूह परियोजनाओं में शामिल करना नेतृत्व कौशल को बढ़ावा देने का एक प्रभावी तरीका है। इससे वे एक टीम में काम करना और नेतृत्व करना सीखते हैं।

**विवाद और भाषण प्रतियोगिताएं:** इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने से छात्रों के विचारों की स्पष्टता और संप्रेषण कौशल में सुधार होता है।

### नेतृत्व का प्रभाव

नेतृत्व कौशल का छात्रों के जीवन पर व्यापक प्रभाव होता है। यह न केवल उनके शैक्षिक प्रदर्शन को सुधारता है, बल्कि उनके व्यक्तिगत और सामाजिक जीवन को भी समृद्ध बनाता है।

**सफलता की ओर अग्रसर होते हैं:** एक अच्छा नेता अपनी क्षमताओं और अन्य लोगों की क्षमताओं को पहचानता है और उन्हें सही दिशा में निर्देशित करता है।

**समस्याओं का समाधान करते हैं:** नेतृत्व कौशल समस्याओं का विश्लेषण करने और उनका समाधान खोजने की क्षमता प्रदान करता है।

**अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा स्रोत बनते हैं:** अच्छे नेतृत्व कौशल वाले छात्र अपने साथियों के लिए प्रेरणा का स्रोत होते हैं, जिससे पूरी छात्र समुदाय का विकास होता है।

**समाज में योगदान देते हैं:** नेतृत्व कौशल से लैस छात्र समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए कार्य करते हैं और समाज की प्रगति में योगदान देते हैं।

नेतृत्व कौशल का विकास छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह उन्हें न केवल शिक्षा के क्षेत्र में, बल्कि उनके व्यक्तिगत और सामाजिक जीवन में भी सफल बनाता है। विद्यालयों और कॉलेजों को चाहिए कि वे छात्रों में नेतृत्व कौशल के विकास के लिए विशेष प्रयास करें और उन्हें ऐसे अवसर प्रदान करें जिनसे वे एक प्रभावी और जिम्मेदार नेता बन सकें। छात्रों में नेतृत्व कौशल का विकास एक सशक्त और प्रगतिशील समाज की नींव रखता है। नेतृत्व कौशल किसी भी देश के विकास और प्रगति के लिए महत्वपूर्ण होते हैं। यह तथ्य विशेष रूप से भारत जैसे युवा देश के लिए अधिक महत्वपूर्ण है, जहां युवा जनसंख्या देश की कुल जनसंख्या का एक बड़ा हिस्सा बनाती है। युवा ही भविष्य के नेता होते हैं और उनका नेतृत्व कौशल देश के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक विकास में अहम भूमिका निभाता है।

## सामान्य ज्ञान

**1.** किसे कंप्यूटर का पितामह कहा जाता है
(ए) हरमन होलेरिथ
(बी) चार्ल्स बेबेज
(सी) बेल्स पास्कल
(डी) जोसेफ जैक्युर्ड

**2.** कम्प्यूटर के विकास में सर्वाधिक योगदान किसका है
(ए) हरमन होलेरिथ
(बी) चार्ल्स बेबेज
(सी) बेल्स पास्कल
(डी) वान न्यूमन

**3.** प्रथम अंकीय कम्प्यूटर के ब्लू प्रिंट के विकास में सर्वाधिक योगदान किसका है
(ए) हरमन होलेरिथ
(बी) चार्ल्स बेबेज
(सी) बेल्स पास्कल
(डी) विलियम बुरोस

**4.** सर्वप्रथम आधुनिक कम्प्यूटर की खोज कब हुई
(ए) 1946 ई.
(बी) 1950 ई.
(सी) 1960 ई.
(डी) 1965 ई.

**5.** कम्प्यूटर की भौतिक बनाबट कहलाती है
(ए) सॉफ्टवेयर
(बी) हार्डवेयर
(सी) फर्मवेयर
(डी) ह्यूमन वेयर

**6.** कम्प्यूटर के संचालन में प्रयुक्त प्रोग्राम.नियम तथा कम्प्यूटर क्रियाओं से सम्बन्धित अन्य लिखित सामग्री को कहा जाता है
(ए) सॉफ्टवेयर
(बी) हार्डवेयर
(सी) नेटवर्क
(डी) फर्मवेयर

**7.** कम्प्यूटर का नियंत्रक भाग कहलाता है
(ए) प्रिंटर
(बी) कुंजी पटल
(सी) **CPU**
(डी) हार्ड डिस्क

उत्तर 1.(बी) 2.(डी) 3.(बी) 4.(ए) 5.(बी) 6.(ए) 7.(सी)

## खबर संक्षेप

### मदविः 29 जून से शुरू होंगी कई परीक्षाएं

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की बीए व बीकॉम की प्रथम, दूसरे व तीसरे वर्ष की रेगुलर, री-अपीयर व इंप्रूवमेंट तथा बीए एडिशनल की प्रथम व दूसरे वर्ष की परीक्षाएं 29 जून से प्रारंभ होंगी। परीक्षा नियंत्रक प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने बताया कि उपरोक्त परीक्षाओं की डेटशीट विश्वविद्यालय वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगी।

### 18, 26 और 27 मई को होगी परीक्षाएं

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में 18, 26 और 27 मई को नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) के तत्वावधान में कंप्यूटर बेस्ड परीक्षा होगी। यह परीक्षा स्वयं (एसडब्ल्यूएवाईएम) पाठ्यक्रम संबंधित है। एमडीयू के निदेशक डिजीटल लर्निंग सेंटर प्रो. नसीब सिंह गिल ने बताया कि इस परीक्षा का आयोजन डीडीई भवन स्थित कंप्यूटर साइंस एवं एप्लीकेशन्स विभाग की कंप्यूटर लैब (प्रथम तल) में किया जाएगा।एमडीयू के स्वयं पाठ्यक्रम समन्वयक डा. नवीन कुमार ने बताया कि जिन विद्यार्थियों ने स्वयं पाठ्यक्रम में रोहतक परीक्षा केन्द्र का विकल्प चुना है, उनके लिए कंप्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशन्स विभाग का कंप्यूटर लैब परीक्षा केंद्र होगा। गौरतलब है कि एमडीयू में पहली बार स्वयं पाठ्यक्रम परीक्षा केन्द्र बनाया गया है।

### मां-बेटे पर हमले का आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने गांव बसाना निवासी मां-बेटे पर जानलेवा हमले की वारदात में आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में किया गया है। कलानौर थाना प्रभारी देशराज सिंह ने बताया कि गांव बसाना निवासी रजनीश की शिकायत के आधार पर केस दर्ज किया गया। जांच में सामने आया कि 30 अप्रैल को रजनीश अपने घर पर था। तभी निरंजन रजनीश के घर पर गाली देते हुए आया व हाथ में ली हुई ईंट फेक कर मारी।

### दो युवक अवैध शराब सहित गिरफ्तार

रोहतक। पुलिस ने मोटरसाइकिल सवार दो युवकों को अवैध शराब सहित गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है। महम थाना प्रभारी सत्यपाल सिंह ने बताया कि दो युवक मोटरसाइकिल पर अवैध रुप से शराब बेचने का काम करते है। बहलबा महम रोड के पास नाकाबंदी करते हुए वाहनों की चैकिंग करनी शुरु की। बेरी बहलबा रोड की तरफ से आ रहे मोटरसाइकिल पर सवार दो युवकों को शक के आधार पर काबू किया गया। युवकों की पहचान नवीन उर्फ निनी निवासी किशनगढ़ व राजा निवासी गांव मउ जिला मध्यप्रदेश के रुप में हुई। तलाशी लेने पर 3 गता पेटी शराब बरामद हुई जो कुल 36 बोतल शराब बरामद हुई। आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

# रोहतक के गैंगस्टर हिमांशु भाऊ के शार्प शूटर 'गोली' का दिल्ली में एनकाउंटर

## दिल्ली के खेड़ा के पास हुई घटना, शराब ठेकेदार की हत्या में था फरार

- शूटर अजय के ऊपर रोहतक, सोनीपत व अन्य जिलों में हत्या के अलावा कई मामले दर्ज थे
- स्पेशल सेल ने गुरुवार रात करीब साढ़े 11 बजे होंडा सिटी गाड़ी में उसे स्पॉट किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा के गैंगस्टर हिमांशु भाऊ के शार्प शूटर अजय उर्फ गोली का दिल्ली के गांव खेड़ा में दिल्ली पुलिस ने एनकाउंटर कर दिया। बृहस्पतिवार की देर रात को शूटर और दिल्ली पुलिस के बीच मुठभेड़ हुई। जिसमें उसे गोलियां लगीं। उसके ऊपर रोहतक, सोनीपत व अन्य जिलों में हत्या के अलावा कई मामले दर्ज थे। हाल ही में अजय गोली सोनीपत के मुरथल ढाबे के पास शराब ठेकेदार की गोली मारकर हत्या करने के बाद सुर्खियों में आया था। तभी से हरियाणा की स्पेशल टास्क फोर्स और दिल्ली पुलिस उसकी तलाश कर रही थी।



**रोहतक।** शूटर अजय उर्फ गोली ( फाइल फोटो)



दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल से भुठभेड़। फोटो : हरिभूमि

### दिल्ली के गांव खेड़ा खुर्द में आया था

पुलिस के अनुसार, स्पेशल सेल को सूचना मिली थी कि शूटर अजय बाहरी दिल्ली के गांव खेड़ा खुर्द में आएगा। स्पेशल सेल ने गुरुवार रात करीब साढ़े 11 बजे एक होंडा सिटी गाड़ी में उसे स्पॉट किया। इस दौरान पुलिस ने अजय को रुकने और सरेंडर करने का इशारा किया, लेकिन उसने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में अजय को गोलियां लगीं। इसके बाद पुलिस उसे अस्पताल में लेकर पहुंची। जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### पिस्टल और कारतूस मिले

दिल्ली पुलिस द्वारा अजय को गंभीर हालत में पीसीआर में डालकर अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया गया। उसके पास से दो पिस्टल और कारतूस बरामद किए गए हैं। 6 माह पहले जमानत पर जेल से छुटने के बाद उसने फिर से कई वारदातों को अंजाम देकर सनसनी फैला दी थी।

### गांव रिटौली का रहने वाला गोली

अजय रोहतक जिले के गांव रिटौली का रहने वाला है। वह गैंगस्टर हिमांशु भाऊ के संपर्क में आ गया था। हिमांशु भी इसी गांव का रहने वाला है। अजय ने 6 मई को दिल्ली के तिलक नगर एरिया में फ्यूजन कार शोरूम के बाहर फिरौती के लिए अंधाधुंध फायरिंग की थी। इसके साथ उसने 10 मार्च को सोनीपत के मुरथल के पास ढाबे पर दिनदहाड़े शराब ठेकेदार की हत्या कर दी थी। यह वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। जिसमें साफ नजर आ रहा था कि बदमाशों ने शराब ठेकेदार को पहले कार से बाहर खींचा। इसके बाद दौड़ा-दौड़ा कर युवक को गोलियां मारी।

### कौन है गैंगस्टर हिमांशु भाऊ

हिमांशु भाऊ रोहतक के रिटौली का रहने वाला है। 2020 तक वह नॉर्मल स्टूडेंट था। पढ़ाई के दौरान ही उसने फायरिंग कर दी। उस पर हत्या का केस दर्ज हुआ। उस वक्त हिमांशु की उम्र 17 साल थी। पुलिस ने उसे सुधरने भेजा, लेकिन वह हिसार सुधार घर से भाग निकला। रोहतक पुलिस ने जब हिमांशु को फायरिंग केस में पकड़ा तो वह नाबालिग था। इसके बाद वह कभी पुलिस के हाथ नहीं आया। उस पर रोहतक और झज्जर के अलावा दिल्ली में केस दर्ज होते चले गए। जिससे हिमांशु गैंगस्टर भाऊ बन गया।

### रोहतक और झज्जर पुलिस ने इनाम घोषित किया

रोहतक पुलिस के मुताबिक मार्च 2022 में रिटौली गांव में दो पक्षों की रंजिश में 3 मर्डर हो गए थे। हिमांशु पर मर्डर, अटेंप्ट टू मर्डर, रंगदारी, फ्रॉड जैसे केस दर्ज होते चले गए। उस पर अभी 21 केस दर्ज हैं। इससे पुलिस भी परेशान हो गई। हिमांशु को पकड़ने के लिए रोहतक पुलिस ने 1 लाख और झज्जर पुलिस ने हिमांशु पर 50 हजार का इनाम घोषित कर दिया।

# गांधरा मोड़ पर ट्रक की टक्कर से महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांपला

नेशनल हाईवे नंबर 9 गांधरा मोड़ के पास एक ट्रक ने महिला को टक्कर मार दी। जिसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने चालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। जिस महिला की मौत हुई है वह इस्माईला गांव की रहने वाली थी और फल की रेहड़ी लगाकर परिवार का गुजारा कर रही थी। 50 वर्षीय किताबों पिछले कई वर्ष से नेशनल हाईवे नंबर 9 गांधरा मोड़ के पास फलों की रेहडी लगाती थी। शुक्रवार की सुबह करीब 11:00 बजे किताबों अपनी रेहड़ी के पास खड़ी थी। तेज गति से एक ट्रक आया और उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्ती थी कि महिला सड़क पर गिर गई और कुछ ही देर में उसने दम तोड़ दिया।घटना के बाद चालक मौके से फरार हो गया। राहगीरों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए पीजीआई भेज दिया।

### की जा रही जांच

गांधरा मोड़ पर महिला का एक्सीडेंट होने की सूचना मिली है। एक्सीडेंट में महिला की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच जुटी हुई है। मृतका महिला किताबो के परिजनों के बयान के आधार पर आगामी कार्रवाई की जाएगी। -सुलेंद्र सिंह, एसएचओ सांपला थाना

# आवेदन के लिए एमडीयू ने पोर्टल ओपन किया

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर डिसएबिलिटी स्टडीज द्वारा संचालित दो वर्षीय डिप्लोमा इन टीचिंग इंडियन लैंग्वेज तथा दो वर्षीय डिप्लोमा इन इंडियन साइन लैंग्वेज इंटरप्रेटेशन पाठ्यक्रमों में सत्र 2024-25 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करने और आवेदन जमा करवाने के लिए पोर्टल ओपन हो गया है।कुलसचिव प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने बताया कि भारतीय पुनर्वास परिषद द्वारा अनुमोदित पाठ्यक्रमों- दो वर्षीय डिप्लोमा इन टीचिंग इंडियन लैंग्वेज तथा दो वर्षीय डिप्लोमा इन इंडियन साइन लैंग्वेज इंटरप्रेटेशन में सत्र 2024-25 में प्रवेश के लिए इच्छुक अभ्यर्थी 3 जून तक एडमिशन एप्लीकेशन जमा करवा सकते हैं। प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने बताया कि इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए पात्रता, सीटों की संख्या, फीस तथा अन्य जानकारी वेबसाइट पर उपलब्ध है।

# रोहतक लोकसभा के दिव्यांग और 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाता आज से शुरू करेंगे मतदान

- रोहतक लोस क्षेत्र में 803 मतदाताओं ने घर से पोस्टल बैलेट पेपर के माध्यम से मतदान को आवेदन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

रोहतक लोकसभा के रिटर्निंग अधिकारी अजय कुमार ने कहा कि क्षेत्र के 85 वर्ष व इससे अधिक आयु वर्ग तथा दिव्यांग मतदाताओं को पोस्टल बैलट पेपर के माध्यम से उन्हें घर से ही मतदान करने के लिए सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए टीमें गठित की गई है। इन टीमों में सैक्टर मजिस्ट्रेट, दो मतदान अधिकारी, माइक्रो ऑब्जर्वर, वीडियोग्राफर तथा पुलिस बल के जवान शामिल है। यह टीमें 18 व 20 मई को संबंधित मतदाता के घर पहुंचकर उनकी पहचान सुनिश्चित करने के उपरांत पोस्टल बैलेट पेपर से वोटिंग करवाते समय गोपनीयता का ध्यान रखेगी तथा पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी करवाना सुनिश्चित करेगी। डीसी शुक्रवार को जिला विकास भवन स्थित डीआरडीए हॉल में घर से मतदान करने की सुविधा के दृष्टिगत जिला प्रशासन द्वारा गठित की गई टीमों के सदस्यों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि रोहतक लोकसभा क्षेत्र में 803 उपरोक्त मतदाताओं में घर से पोस्टल बैलेट पेपर के माध्यम से मतदान के लिए आवेदन किया गया है। इन मतदाताओं में जिला रोहतक के 239 मतदाता, जिला झज्जर के 111 मतदाता तथा कोसली विधानसभा क्षेत्र के 453 मतदाता शामिल है। रिटर्निंग अधिकारी ने कहा कि सभी टीमें मतदान प्रक्रिया का ध्यान रखें। पोस्टल बैलेट पेपर से मतदान प्रक्रिया में 4 फोर्म है, जिनमें फार्म 13ए में मतदाता की घोषणा है, जिससे मतदान अधिकारी संख्या एक द्वारा अटेस्ट किया जायेगा। सेक्टर मेजिस्ट्रेट को पूरी प्रक्रिया की निगरानी करनी है तथा पारदर्शी मतदान के साथ-साथ मतदान की गोपनीयता भी सुनिश्चित करनी है। फार्म 13बी एक लिफाफा है, जिसमें मतदान के बाद मतदाता द्वारा पोस्टल बैलेट पेपर को अच्छी तरह फोल्ड करके डाला जायेगा, जिसे सील किया जायेगा।



**रोहतक।** जिला विकास भवन स्थित डीआरडीए हॉल में घर से मतदान करने की सुविधा के दृष्टिगत जिला प्रशासन द्वारा गठित की गई टीमों के सदस्यों को संबोधित करते हुए अतिरिक्त उपायुक्त वैशाली सिंह। फोटो : हरिभूमि

उद्योग परिवार के सम्मेलन में बोले दीपेंद्र हुड्डा, व्यापार के लिए मजबूत कानून-व्यवस्था जरूरी

# कांग्रेस सरकार बनने पर प्रदेश से अपराध और अपराधियों का सफाया होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सांसद दीपेन्द्र हुड्डा शुक्रवार को रोहतक शहर में उद्योग परिवार द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे और प्रदेश में बदलाव के लिए कांग्रेस के पक्ष में मतदान की अपील की। दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि भाजपा सरकार की गलत आर्थिक नीतियों की वजह से व्यापार करना मुश्किल हो गया है तो दूसरी तरफ हरियाणा में कानून-व्यवस्था की बदतर हालत ने बाजार में अघोषित मंदी जैसी स्थिति पैदा कर दी है। उद्योग, निवेश, व्यापार के लिए मजबूत कानून-व्यवस्था जरूरी है। दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि 2014 से पहले तक जो हरियाणा विकास प्रदेश के रूप में जाना जाता था वो 10 साल की भाजपा सरकार में अपराध प्रदेश के रूप में जाना जा रहा है। कांग्रेस की पूर्ववर्ती हुड्डा सरकार के समय अपराधियों की हरियाणा में घुसते हुए पैर कांपते थे। अपराधियों के आगे बीजेपी सरकार बेबस हो चुकी है। जिस प्रदेश के मुख्यमंत्री ऐसा बयान दें कि उनकी सरकार सबको सुरक्षा नहीं दे सकती, वहां अपराधियों के हौसले कैसे नहीं बढ़Pेंगे। प्रदेश की जनता अब इस सरकार से पीछा छुड़ाने के लिए परिवर्तन का फैसला कर चुकी है उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार बनने पर हरियाणा से अपराध व अपराधियों का सफाया होगा। प्रदेश एक बार फिर से विकास के पटरी पर तेज गति से दौड़ेगा। इस दौरान विधायक बीबी बतरा, विधायक शकुंतला खटक मौजूद रहे। कांग्रेस पार्टी की सरकार के समय रोहतक लोस क्षेत्र हो या रोहतक विकसित रोहतक के रूप में जाना जाने लगा।



रोहतक। सम्मेलन में संबोधित करते दीपेंद्र हुड्डा। फोटो : हरिभूमि

# युवक के साथ मारपीट कर हत्या के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने कच्ची गढी मौहल्ला निवासी युवक के साथ मारपीट कर हत्या की वारदात में शामिल आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय रवि खुंडिया ने बताया कि कच्ची गढी मौहल्ला निवासी अनिल की शिकायत के आधार पर थाना शहर केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। जांच में सामने आया कि अनिल उर्फ अली की तिलकराज के परिवार व उसके रिश्तेदारों के साथ पुरानी कहासुनी है व 7-8 साल से बोलचाल बंद है। 9 मई को तिलकराज की साजिश के चलते नरेंद्र उर्फ छोटू, राहुल, विक्कू, जीतू, सच्चू, सागर, छोटा, कपिल, जीतू व अन्य 4-5 साथियों ने अनिल उर्फ अली व उसके परिवार पर जातिसूचक शब्द बोलते हुये जानलेवा हमला कर दिया। छोटे भाई व उसकी पत्नी व अन्य को युवक मारपीट करते हुए घसीटते हुए गली दी।

# चुनाव ड्यूटी में तैनात स्टाफ के पोस्टल बैलेट से मतदान के लिए सुविधा केंद्र स्थापित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

रिटर्निंग अधिकारी अजय कुमार ने चुनाव में चुनाव ड्यूटी पर तैनात जिला की चारों विधानसभाओं तथा सुरक्षा व्यवस्था में तैनात पुलिस बल एवं आवश्यक सेवाओं में तैनात मतदाताओं को पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान करने के लिए 20 व 21 मई को स्थानीय जिला विकास भवन में सुविधा केंद्र स्थापित करने के निर्देश जारी किये है। डीसी द्वारा जारी आदेश के तहत शेष बचे हुए मतदाता 22 को जिला विकास भवन स्थित डीआरडीए हॉल में सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक मतदान कर सकते है। पोस्टल वोटिंग के लिए रोहतक सहकारी चीनी मिल की प्रबंधक निदेशक मेजर गायत्री अहलावत तथा जिला विकास भवन के प्रथम तल स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में पोस्टल वोटिंग के लिए अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# अरविंद शर्मा भारी बहुमत से जीतकर लोस पहुंचेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

राज्य सभा सांसद रामचंद्र जांगडा ने कहा की रोहतक लोकसभा से भाजपा के उम्मीदवार डॉ. अरविंद शर्मा भारी मतों से जीतेंगे और महम हलके का योगदान अग्रणी होगा। सांसद जांगडा ने शुक्रवार को महम विधानसभा कार्यालय में सभी क्लस्टर इंचार्ज के साथ बैठक की और सभी को बूथ प्रबंधन के लिए दिशानिर्देश दिए। सांसद जांगडा ने कहा की हर बूथ पर भाजपा बूथ अध्यक्ष के नेतृत्व भाजपा कार्यकर्ता मजबूती से लड़ने के लिए तैयार है। सांसद जांगडा ने कहा की चुनाव के लिए केवल एक सप्ताह शेष है। वे लगातार महम विधानसभा के हर बूथ पर जाकर बूथ की मजबूती के लिए बूथ अध्यक्षों और पन्ना प्रमुख के साथ बैठक करेंगे। इस दौरान भाजपा नेता महंत सतीश दास, प्रदेश उपाध्यक्ष सुनीता डांगी, अजीत अहलवात, सत्य प्रकाश, नवीन ढुल, विकास श्योराण, बारू सैमाण, मनीष डांगी, राजा शर्मा, मुकेश खत्री यशवंत जांगडा, विजय विस्तारक, राम निवास रोहिल्ला, सुमन अहलावात, रेखा मोखरा, जसवंत खरक, सुरेश बेड़वा सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।



**महम।** राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा लोकसभा चुनाव को लेकर कलस्टर इंचार्जो की बैठक लेते हुए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

बदलाव | भीषण गर्मी के मद्देनजर किया गया परिवर्तन

# स्कूलों का समय बदला, अब सुबह सात बजे से शुरू होंगी कक्षाएं

**दूसरी शिफ्ट वाले विद्यालय 4:15 बजे तक लगेंगे**

- एक शिफ्ट वाले विद्यालय सुबह 7 से 12 और दूसरी शिफ्ट में सुबह 7 से 10 :30 व 11 :45 से 4 :15 तक
- एक जून से 30 जून तक गर्मियों की छुट्टियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पारा लगातार बढ़ता जा रहा है। भीषण गर्मी में विद्यार्थियों को लू से बचाने के लिए विद्यालयों के समय में बदलाव कर दिया गया है। इस बारे में जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी स्कूलों को पत्र भेजकर समय में बदलावा करने के निर्देश दे दिए हैं। समय का बदलाव 18 मई से 31 मई तक किया गया है। इस दौरान जो विद्यालय एक शिफ्ट में चलते हैं उनमें विद्यार्थी सुबह 7 बजे से लेकर दोपहर 12 बजे पढ़ाई करेंगे। वहीं जो स्कूल दो शिफ्टों में लगते हैं उनमें पहली शिफ्ट में विद्यार्थियों की कक्षाएं सुबह 7 से 11:30 और दूसरी शिफ्ट में दोपहर 11:45 से शाम 4:15 तक कक्षाएं लगाई जाएंगी। यह निर्देश प्राइवेट विद्यालयों पर भी लागू होंगे।



### ग्रीष्मकालीन अवकाश संबंधी पत्र भी जारी

वहीं विद्यालयों के लिए ग्रीष्मकालीन अवकाश संबंधी पत्र भी जारी कर दिया गया है। शिक्षा विभाग ने एक जून से लेकर 30 जून तक गीष्मकालीन छुट्टियों की घोषणा की है। इस संबंध में भी जिला शिक्षा अधिकारियों को पत्र के माध्यम से सूचना दे गई है।

### बेहतर परिणाम वाले विद्यालय होंगे सम्मानित

जिला शिक्षा अधिकारी मनजीत मलिक की अध्यक्षता एवं डाइट प्रिंसिपल मदीना वीरेंद्र मलिक के मार्गदर्शन में जिले के विद्यालय मुखियाओं की मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग का मुख्य एजेंडा रिजल्ट व एनरोलमेंट ड्राइव रहा तथा साथ-साथ विद्यालय मुखियाओं को अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी ने बोर्ड परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन वाले विद्यालयों को सम्मानित किया। मीटिंग में 10वीं और 12वीं के परिणाम के बारे में सभी अधिकारी और प्राचार्यों के सामने विश्लेषण किया गया। प्राचार्यों को अपने विद्यालय में छात्र संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए गए। जिला शिक्षा अधिकारी मनजीत मलिक द्वारा सभी स्कूल मुखियाओं से कहा कि कक्षा में अध्यापक द्वारा ज्यादा से ज्यादा टीएलएम और विभागीय किट के माध्यम पढ़ाई करवाना सुनिश्चित किया जाए, ताकि बच्चों को विशेष विषय वस्तु याद रहे। विद्यालय में ज्यादा से ज्यादा छात्रों के नामांकन के लिए प्रेरित किया गया। सभी स्कूल मुखियाओं को मतदाता शपथ भी दिलाई गयी। इस अवसर पर डाइट फैकल्टी सतीश शर्मा, एपीसी मनोज, डीएसएस दीपक जेई सोनू कुमार आदि उपस्थित रहे।

VAISH EDUCATION SOCIETY, ROHTAK
WALK-IN-INTERVIEW
Qualified & Trained teachers are required for the following subjects in the Institutions run by Vaish Education Society, Rohtak.

| Sr. No | Subject | Post Vacant | Name of Institution |
|---|---|---|---|
| 1. | English Spoken Teacher | 2 | Vaish Public School |
| 2. | English Spoken Teacher | 2 | Vaish Public School Sec-3 |
| 3. | English Spoken Teacher | 3 | Vaish Sr. Sec. School |
| 4. | English Spoken Teacher | 2 | Vaish Girls Sr. Sec. School |
| 5. | English Spoken Teacher | 2 | Vaish College of Engg. |
| 6. | PGT Physics | 1 | Vaish Public School |
| 7. | Music Teacher | 1 | Vaish Girls Sr. Sec. School |

* Proficiency in both written and oral English language.
* Conversant with the latest teaching trends and use of technology.
Interested candidates may attend interview with all testimonials on 24-05-2024 at 11.00 AM in the office of Vaish Education Society, Rohtak.
Navin Kumar Jain, President,
Vaish Education Society, Rohak